THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED) : (a) and (b) There is no proposal at present under consideration of the Government for merger of any nationalised bank.

## LOSSES INCURRED BY PUNJAB NATIONAL BANK

2579. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Punjab National Bank is incurring heavy losses every month since the merger of New Bank of India with it; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED) : (a) and (b) Punjab National Bank have reported that the impact of merger of erstwhile New Bank of India will be known only after the accounts for the year ending 31st March, 1994 are finalised by the bank.

## CHELLIAH COMMITTEE RECOMMENDATIONS

2580. SYED SIBTEY RAZI : Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether some sections of Trade and Industry have requested Government to lower the corporate tax rate to 40 per cent in terms of recommendations made by the Chelliah Committee;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to take some action on these requests; and

(d) if so, details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY) : (a) and (b) Yes, Sir. A number of Associations of trade and industry in their pre-budget memoranda to the Government have suggested that the corporate tax rate may be scaled down to 40 per cent.

(c) and (d) The Government's decision thereon would be reflected in the Finance Bill, 1994.

## विदेशी निवेश नीति

2581. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय बाजार को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए अपनी विदेशी निवेश नीति को और उदार बनाने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) अनुमोदित विदेशी निवेश प्रस्तावों के लिए विदेशी मुद्रा का तत्काल वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद)** : (क) हालांकि सरकार ने अभी हाल ही में विदेशी निवेश हेतु नीति को और उदार बनाने का निर्णय नहीं किया है, तथापि यह स्वीकार करना चाहिए कि ऐसा उदारीकरण एक निरन्तर और चलते रहने वाली प्रक्रिया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दिए गए अनुमोदनों के प्रति विदेशी निवेश का वास्तविक अन्त: प्रवाह परियोजना आरंभ करने से पहले की अवधि और विदेशी निवेशक के निर्णय पर, कि वह कार्यान्वयन कब आरम्भ करे, निर्भर करता है।

## अल्पसंख्यकों के आर्थिक उत्थान के लिए नई योजनाएं

2582. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार अल्पसंख्यकों के आर्थिक उत्थान के लिए कुछ नई योजनाएं आरंभ करने का विचार रखती है;